# राजस्व आदेश अनुवृत्ति–पत्र

## रा.प्र.क. 202505220300003 / अ–62 / वर्ष 2024–25

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 16.05.25 | प्रकरण प्रस्तुत। आवेदक रायसिंग पिता भोन्दूराम जाति बंजारा निवासी ग्राम मेडकीडबरी, तहसील–छुरा, जिला–गरियाबंद द्वारा ग्राम पण्डरीपानी, प.ह.नं. 11, तहसील–गरियाबंद खसरा नम्बर 227 / 1 रकबा 0.70हे0 भूमि में स्थित 22 में से 07 वृक्षों के काटने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।<br><br>प्रकरण में राजस्व निरीक्षक गरियाबंद से जांच प्रतिवेदन प्राप्त।<br><br>प्रकरण का अवलोकन किया गया।<br><br>राजस्व निरीक्षक गरियाबंद के प्रतिवेदन में आवेदित भूमि खसरा नम्बर 227 / 1 भूमि पर स्थित वृक्षों की कटाई हेतु गत वर्ष दिनांक 05.07.2024 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा0) गरियाबंद द्वारा अनुमति दी गयी है। उक्त अनुमति को 01 कलैण्डर वर्ष पूर्ण नही होने के कारण अनुमति नही दी जा सकती।<br><br>अतः रायसिंग पिता भोन्दूराम जाति बंजारा निवासी ग्राम मेडकीडबरी द्वारा वृक्ष कटाई हेतु प्रारूप–ग में प्रस्तुत आवेदन में पूर्व में जारी अनुशंसा का विवरण न लिखे जाने, अपूर्ण आवेदन प्रस्तुत किये जाने तथा राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर पूर्व में जारी अनुज्ञा को 01 कलैण्डर वर्ष पूर्ण नही होने क कारण प्रस्तुत आवेदन खारिज किया जाता है। प्रकरण नस्तीबध्द होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>अनुविभागीय अधिकारी(रा0)<br>गरियाबंद | |